भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 6007

उत्तर देने की तारीख 01 अप्रैल, 2026 (बुधवार)

11 चैत्र, 1948 (शक)

प्रश्न

डेटा एनालिटिक्स डैशबोर्ड

6007. **श्री रमेश अवस्थीः**

श्री दिलीप शइकीयाः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र में मंत्रालय के डाटा एनालिटिक्स डैशबोर्ड में एकीकृत की गई विकास परियोजनाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रणाली के माध्यम से निगरानी की जा रही परियोजनाओं का कुल वित्तीय मूल्य कितना है;

(ग) इस निगरानी ढांचे के अंतर्गत कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और वर्तमान में कितनी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं; और

(घ) क्या सरकार ने इस डिजिटल निगरानी प्रणाली के माध्यम से परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समय-सीमा में कोई सुधार देखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण उनके वित्तीय मूल्य और स्थिति के साथ अनुबंध में संलग्न है।

(घ): डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली के उपयोग से अधिक क्षमता और पारदर्शिता के साथ परियोजनाओं का अनुमोदन, निगरानी और निधि जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जा सका है।

*****

अनुबंध

"डेटा एनालिटिक्स डैशबोर्ड" विषय पर लोकसभा में दिनांक 01.04.26 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 6007 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

(दिनांक 28.02.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	राज्य	सभी परियोजनाएं			पूर्ण परियोजनाएं			चल रही परियोजनाएँ		
		संख्या	अनुमोदित लागत (करोड़ रुपये में)	वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)	संख्या	अनुमोदित लागत (करोड़ रुपये में)	वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)	संख्या	अनुमोदित लागत (करोड़ रुपये में)	वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)
1	अरुणाचल प्रदेश	472	6009.6	4617.47	335	3310.65	2887.71	114	2320.27	1456.23
2	असम	828	12094.96	8387.63	552	5789.56	5236.38	261	6181.93	3108.01
3	दिल्ली	4	21.41	16.61	4	21.41	16.61	0	0	0
4	मणिपुर	459	5117.9	3674.3	327	2920.14	2574.07	123	2002.87	1025.91
5	मेघालय	314	4585.41	3215.83	225	2347.74	2120.18	82	2182.6	1064.96
6	मिजोरम	361	4355.44	3108.78	290	2697.34	2341.83	68	1626.21	745.34
7	बहु राज्य	9	645.39	396.88	4	268.87	267.81	5	376.52	129.07
8	नागालैंड	430	5251.11	4048.17	325	3198.89	2863.2	93	1951.94	1124.67
9	अन्य एजेंसी	328	3373.05	2910.16	136	1432.36	1233.55	168	1896.54	1655.84
10	सिक्किम	252	3223.78	2735.9	213	2141.32	1933.85	37	1056.97	793.72
11	त्रिपुरा	247	4404.15	3049.86	156	2342.33	2036.97	86	1928.58	966.12
	कुल	**3704**	**49082.21**	**36161.61**	**2567**	**26470.6**	**23512.2**	**1037**	**21524.44**	**12069.87**